राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/GyanSudha/2021/Spl./50; दिनांक : 11 June 2021

प्राचार्य
समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

''ज्ञानसुधा''
प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शन केन्द्रित पहल

विषय : प्रतियोगी परीक्षा केन्द्रित मार्गदर्शन एवं दक्षता संवर्द्धन हेतु कार्यक्रम ''ज्ञानसुधा'' के संबंध में।

आप सभी को विदित है कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं की सहायता एवं मार्गदर्शन हेतु कार्यक्रम ज्ञानसुधा आरम्भ किया हैं, जिसमें अपने ही महाविद्यालय शिक्षा के अनेक साथी विषय विशेषज्ञ रुप में जुडकर प्रतियोगी परीक्षा केन्द्रित, विशेषतः भारतीय सिविल सेवा, राजस्थान प्रशासनिक सेवा एवं सहायक प्रोफेसर, कॉलेज शिक्षा से जुडे हुए विषय बिन्दुओं पर अपने व्याख्यान रिकॉर्ड कर रहे हैं। इस प्रकार के लगभग 300 व्याख्यान आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर के ज्ञानसुधा चैनल पर उपलब्ध हैं।

इस के अतिरिक्त आयुक्तालय जयपुर कुछ चयनित महाविद्यालयों के साथ एक और नवाचार आरम्भ करने जा रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायता के लिये ही प्रतियोगियों को मार्गदर्शन, प्रोत्साहन, उनमें विषयवरक ज्ञान संवर्द्धन, साक्षात्कार की तैयारी, Motivation, Group discussion, Interface with successful people, personality development, सकारात्मक ऊर्जा संचार आदि सत्र आयोजित करवाये जाने की मंशा से ऑनलाइन लाइव सैशन्स आरम्भ करवाये जा रहे हैं। इनमें अखिल भारतीय सेवा, राज्य स्तरीय सेवा के अधिकारियों, शिक्षाविदों, प्रख्यात व्यक्तियों एवं विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त कर्ताओं, प्रोफेशनल मोटीवेटर्स आदि विभिन्न प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तियों को आमंत्रित कर ये ऑनलाइन लाइव सैशन्स आयोजित करवाये जायेंगे।

इस कार्यक्रम से जुडने के लिये लाभार्थियों से रजिस्ट्रेशन अपेक्षित है, जिसका गूगल फॉर्म लिंक यहां दिया जा रहा है। रजिस्टर्ड लाभार्थियों को आगामी सत्रों की सूचना भी उनकी ई–मेल में भेजी जा सकेगी। तथापि, किसी कारणवश रजिस्ट्रेशन नही कर पाने की स्थिति में भी इच्छुक व्यक्ति यूट्यूब लिंक के माध्यम से जुड सकेंगे।

https://forms.gle/5KxGxbN9Vi8VviBx8

प्रथम चरण में यह ऑनलाइन लाइव सैशन्स कार्यक्रम दिनांक 16 जून 2021 से आरम्भ हो रहा है। इस कार्यक्रम में निम्नलिखित यूट्यूब लिंक के माध्यम से जुड सकते हैं –

https://bit.ly/3zeAe0Z

यह ऑनलाइन लाइव सैशन्स कार्यक्रम सप्ताह में केवल 02 दिन– बुधवार एवं शनिवार को ही अपरान्ह 3.30 बजे से सांय 5.00 बजे के बीच ही आयोजित होगा, जिसमें 30 – 30 मिनिट्स के 02 सत्र आयोजित करवाये जायेंगे। दोनों सत्रों में अलग अलग विषय होंगे।

ज्ञानदूत एवं ज्ञानगंगा कार्यक्रम की भांति ही, इस कार्यक्रम के लाइव सैशन्स का दायित्व भी महाविद्यालयों को दिया जायेगा ताकि इनके आयोजन की उपलब्धि को वे अपने रिकॉर्ड में ले सकें। और इसका लाभ उन्हें राज्य स्तरीय वार्षिक मूल्यांकन (AAP) एवं राष्ट्रीय मूल्यांकन (NAAC) में मिल सके।

प्रथम चरण में कार्यक्रम आयोजन का दायित्व निम्नानुसार दिया जा रहा है –

क.सं.	आयोजन दिवस	आयोजक महाविद्यालय	आयोजन समय	कार्यक्रम समन्वयक
1.	प्रत्येक बुधवार	राजकीय महाविद्यालय बूंदी	3.30 – 5.00 PM	डा. दिलीप राठौड
2.	प्रत्येक शनिवार	राजकीय महाविद्यालय चित्तौडगढ	3.30 – 5.00 PM	डा. नरेन्द्र गुप्ता

इन कार्यक्रमों/ऑनलाइन लाइव सैशन्स में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के ज्ञानसुधा यूट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से जुडा जा सकेगा। यह पूर्णतः निःशुल्क कार्यक्रम है।

सभी प्राचार्यों को निर्देशत किया जाता है कि इन ऑनलाइन लाइव सैशन्स का अधिकाधिक प्रचार प्रसार करवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि आपके आसपास जो भी युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हों, उन तक सूचना हो सके।

इसके लिये संबंधित दोनों महाविद्यालयों को Zoom Platform subscribe करने एवं समस्त तकनीकी सुविधाओं की तैयार सुनिश्चित करें। साथ ही नामित समन्वयकों को सहायतार्थ 2–3 सदस्यीय समिति का गठन कर निर्देशित करें। इस संबंध में आवश्यक व्यय हेतु महाविद्यालय स्तर पर उपलब्ध वित्तीय संसाधनों में से नियमानुसार व्यय की अनुमति प्रदान की जाती है।

प्राचार्यों को आयुक्तालय स्तर पर इस कार्यक्रम के संबंध में किसी प्रकार की सहायता अथवा मार्गदर्शन हेतु निम्नलिखित अधिकारियों से सम्पर्क किया जा सकता है, तथापि विद्यार्थियों की इस संबंध में किसी प्रकार की सहायता के लिये महाविद्यालय स्तर पर उपलब्ध नवाचार एंव कौशल विकास प्रकोष्ठ को निर्देशित करें –

1. डा. विनोद कुमार भारद्वाज	प्रभारी, ज्ञानसुधा कार्यक्रम	94143 04650
2. डा. ललिता यादव	सह प्रभारी, ज्ञानसुधा कार्यक्रम	95299 93619
3. डा. शिवांगना शर्मा	सह प्रभारी, नवाचार एवं कौशल विकास	9461519852

संदेश नायक IAS
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा राजस्थान

पत्रांकः CCE/ISDC/GyanDoot Prog./2021/Spl./50; दिनांक : 11 June 2021

प्रतिलिपी सूचनार्थ :

1. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. समस्त संयुक्त निदेशक, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
3. समस्त DRAC अध्यक्ष प्राचार्यों, को निर्देशनुसार इस योजना की अपने–अपने जिले में मॉनिटरिंग करने हेतु।
4. प्रभारी/सह प्रभारी अधिकारी, ज्ञानसुधा कार्यक्रम, आकाशि को समन्वय हेतु।
5. समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
6. समस्त प्रभारी अधिकारी, महाविद्यालय समूह, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
7. प्रभारी आई.टी. आकाशि को अपलोड/ई–मेल करने हेतु।
8. रक्षित पत्रावली।

बी. एल. गोयल, **RAS**
अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा राजस्थान